# चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

पत्रांक : कमेटी सैल/बैक पेपर/4507
दिनांक : 28.01.2021

## अधिसूचना

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त राजकीय/अनुदानित/स्ववित्तपोषित संस्थान/महाविद्यालयों /विश्वविद्यालय परिसर में सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत स्नातक एव स्नातकोत्तर स्तर पर संचालित पाठ्यक्रमों की विषम सेमेस्टर परीक्षा दिसम्बर–जनवरी, 2020 के परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय द्वारा भरवाये जा रहे है। विश्वविद्यालय नियमानुसार उपाधि को पूर्ण किये जाने हेतु पाठ्यक्रम अवधि 2 वर्ष को 4 वर्षो/3 वर्ष को 6 वर्षो /4 वर्ष 8 वर्षो और 5 वर्ष को 8 वर्षो में पूर्ण किया जा सकता है। परन्तु कुछ ऐसे विद्यार्थी है, जो अपने पाठ्यक्रम अवधि के पूर्ण करने के पश्चात सम्बन्धित पाठ्यक्रम में विषम सेमेस्टर की परीक्षा में अनुत्तीर्ण/अनुपस्थित होने के कारण अपनी उपाधि को पूर्ण नही कर पा रहे है और एक/दो वर्षो की कालबाधित श्रेणी के अन्तर्गत आते है। जिसके सम्बन्ध में परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 04.01.2021 के मद संख्या–16 (5) में लिये गये संकल्पानुसार विषम सेमेस्टर परीक्षा दिसम्बर–जनवरी, 2020 में सम्मिलित होने वाले ऐसे विद्यार्थी जो अपनी पाठ्यक्रम अवधि 1 वर्ष के पूर्ण होने के उपरान्त कालबाधित है, को रू0 5,000/– प्रति परीक्षा फार्म विलम्ब शुल्क के साथ विशेष परिस्थितियों मे एवं अपनी पाठ्यक्रम अवधि के पूर्ण होने के उपरान्त दो वर्ष कालबाधित विद्यार्थियों को रू0 10,000/– प्रति परीक्षा फार्म विलम्ब शुल्क के साथ विशेष परिस्थितियों मे परीक्षा फार्म भरवाकर परीक्षा में सम्मिलित किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी है।

अतः उपरोक्त के आलोक में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त राजकीय/अनुदानित/स्ववित्तपोषित संस्थान/महाविद्यालयों /विश्वविद्यालय परिसर में सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत स्नातक एव स्नातकोत्तर स्तर पर संचालित पाठ्यक्रमों की विषम सेमेस्टर परीक्षा दिसम्बर–जनवरी, 2020 में उक्त से सम्बन्धित समस्त कालबाधित विद्यार्थियों के विषम सेमेस्टर परीक्षा के भूतपूर्व/बैक पैपर परीक्षा के परीक्षा फार्मो को विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.ccsuniversity.ac.in** पर ऑन लाईन (**On Line**) भरने हेतु तिथियॉं निम्नानुसार निर्धारित की जाती है:–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | अभ्यर्थियों द्वारा ऑन लाईन परीक्षा फार्म एवं ऑन लाईन परीक्षा शुल्क सहित परीक्षा फार्म भरने की प्रारम्भ तिथि | 29–01–2021 |
| 2. | अभ्यर्थियों द्वारा ऑन लाईन परीक्षा फार्म एवं ऑन लाईन परीक्षा शुल्क सहित परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम तिथि | 07–02–2021 |
| 3. | भरे गये परीक्षा फार्म को सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान में जमा कराने की अन्तिम तिथि | 08–02–2021 |
| 4. | महाविद्यालय/संस्थान द्वारा **नोमिनल रोल लिस्ट** को विश्वविद्यालय में जमा कराने की अन्तिम तिथि | 09–02–2021 |

कृपया यह सुनिश्चित कर लें कि अन्तिम तिथि के पश्चात किसी भी परीक्षार्थी का कोई भी फार्म किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया जायेगा।

28-01-2021
परीक्षा नियंत्रक

*प्रतिलिपि*:– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या, सम्बन्धित पाठ्यक्रमों में प्रवेशित छात्र/छात्राओं के परीक्षा फार्म उपरोक्तानुसार भरवाने की कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।
2. वैयक्तिक सहायक कुलपति को कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
3. प्रतिकुलपति, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
4. आशुलिपिक वित्त नियन्त्रक को वित्त नियन्त्रक जी के सूचनार्थ।
5. वैयक्तिक सहायक कुलसचिव को कुलसचिव के सूचनार्थ।
6. सहायक कुलसचिव (परीक्षा)।
7. लेखाधिकारी, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
8. प्रभारी, (सीक्रेसी), चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
9. प्रभारी, व्यावसायिक पाठ्यक्रम (रिजल्ट सैल), चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
10. प्रभारी (सामान्य/भण्डार)।
11. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता।
12. प्रभारी, वेबसाइट/कम्प्यूटर केन्द्र।
13. विश्वविद्यालय सूचना पट।

28-01-2021
परीक्षा नियंत्रक